2019

HINDI

(Major)

Paper : 2.1

(Hindi Sahitya Ka Itihas : Ritikal)

Full Marks : 80

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. निम्नलिखित प्रश्नों के पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×10=10

(क) आचार्य रामचंद्र शुक्ल के अनुसार 'रीतिकाल' के सीमांकन का उल्लेख कीजिए।

(ख) पं० विश्वनाथ प्रसाद मिश्र ने रीतिकाल को किस नाम से अभिहित किया है?

(ग) 'रीति' शब्द से आप क्या समझते हैं, लिखिए।

(घ) 'रसिकप्रिया' के कवि कौन हैं?

(ङ) रीतिकाल के किन्हीं दो 'रीतिबद्ध' कवियों का नामोल्लेख कीजिए।

(च) 'कवित्व रत्नाकर' के कवि कौन हैं?

(छ) 'शिवराज भूषण' मुक्तक काव्य है या प्रबंध काव्य?

(ज) रीतिकालीन एक भक्त कवि का नाम लिखिए।

(झ) वीर रस के निरूपण में किस रीतिकालीन कवि को सर्वाधिक सफलता मिली है?

(ञ) आलम द्वारा लिखित एक कृति का नामोल्लेख कीजिए।

2. निम्नलिखित कवियों का संक्षिप्त साहित्यिक परिचय दीजिए : 2×5=10

(क) केशवदास

(ख) चिन्तामणि त्रिपाठी

(ग) बिहारी

(घ) भूषण

(ङ) पद्माकर

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) रीतिकाल के नामकरण पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

(ख) रीतिकाल की राजनीतिक परिस्थिति पर आलोकपात कीजिए।

(ग) 'रीतिशास्त्र' और 'रीतिकाव्य' के अंतर को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(घ) रीतिकवियों के आचार्यत्व पर संक्षेप में विवेचना कीजिए।

(ङ) रीतिमुक्त कवि सेनापति का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(च) रीतिकाल का मूल्यांकन संक्षिप्त रूप में प्रस्तुत कीजिए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) रीतिकाल की प्रमुख विशेषताओं पर आलोकपात कीजिए।

अथवा

"रीति निरूपण और शृंगारिकता रीतिकालीन साहित्य की मुख्य प्रवृत्तियाँ रही हैं।" इस कथन की सतर्क पुष्टि कीजिए।

(ख) रीतिकाल का प्रवर्तक किसे कहा जा सकता है? सतर्क विवेचन कीजिए।

अथवा

रीतिकाल की उपलब्ध सामग्रियों का वर्गीकरण-विश्लेषण कीजिए।

(ग) रीतिबद्ध काव्यधारा के किन्हीं दो प्रमुख कवियों का परिचय प्रस्तुत कीजिए।

अथवा

कविवर बिहारी की देन का विवेचन कीजिए।

(घ) रीतिकालीन नीतिकाव्य पर सम्यक् प्रकाश डालिए।

अथवा

रीतिकालीन 'खड़ीबोली गद्य' पर एक लेख प्रस्तुत कीजिए।

★ ★ ★